सार-समाचार

शराब के लिए रुपए नहीं दिए तो चाकू से किया हमला, 5 युवक घायल

रतलाम। बाजना बस स्टैंड पर नवरात्रि पर्व की तैयारियों के दौरान शराब के लिए रुपए मांगने की बात पर विवाद हो गया। रुपए देने से इनकार करने पर शुरू हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि युवक ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए युवकों को भी नहीं बख्शा और एक के बाद एक कई वार किए। घटना में पांच युवक घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। विवाद के दौरान आरोपी भी घायल हुआ है और उसका पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है। शराब के लिए रुपए मांगने पर शुरू हुआ विवाद पुलिस के अनुसार, बाजना बस स्टैंड क्षेत्र के गवली मोहल्ला निवासी अनिल पिता रामचंद्र रोतेला शनिवार रात करीब एक बजे समिति के सदस्यों रवि साल्वी, सुनील रोतेला, अजय रोतेला, उज्ज्वल रोतेला और आयुष रोतेला के साथ नवरात्रि पर्व की तैयारियों में जुटे थे। इसी दौरान धीरजशाह नगर निवासी विकास यादव वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। अनिल ने रुपए देने से इनकार किया तो विकास गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए युवकों पर भी वार हमले के दौरान तौसीफ अली ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए पेट के पास चाकू घोंप दिया। इसके बाद आरोपी ने चाकू से लगातार वार किए। हमले में अनिल के बाएं हाथ पर चोट आई, जबकि सुनील के पेट पर गंभीर घाव हुआ। अजय के सिर पर वार किया गया। वहीं, बीच-बचाव करने आए आयुष की नाक और उज्ज्वल के दोनों हाथों पर चोटें आईं। एक घायल मेडिकल कॉलेज रेफर, आरोपी भी जख्मी घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। तौसीफ अली को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अनिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने विकास यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि विवाद और झड़प के दौरान आरोपी विकास यादव को भी चोटें आई हैं। उसका पुलिस अभिरक्षा में उपचार जारी है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर 55 लाख रुपये की साइबर ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

रतलाम। डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर एक व्यवसायी से 55 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में रतलाम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंक लेन-देन की जांच के आधार पर हैदराबाद से दो तथा धारवाड़ (कर्नाटक) से एक आरोपी को पकड़ा है। वहीं, ठगी की रकम में से करीब 20 लाख रुपये संबंधित बैंक खातों में रुकवाने में भी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण श्री विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर श्री राकेश पन्द्रो के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में थाना माणकचौक और साइबर प्रकोष्ठ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी बनकर डराया, जांच के नाम पर जमा कराए 55 लाख फरियादी कुवैत में मोटर पुर्जों का व्यवसाय करते हैं और कुछ दिनों से रतलाम में रह रहे थे। उनके अनुसार, 15 सितंबर 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को मुंबई के कोलाबा क्षेत्र का पुलिस अधिकारी बताया। आरोपी ने फरियादी के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े व्यक्ति से बातचीत में होने का आरोप लगाया और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने की बात कही। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर स्वयं को पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ निरीक्षक बताने वाले लोगों ने फरियादी से आधार कार्ड एवं स्थायी खाता संख्या संबंधी जानकारी ली। 16 सितंबर को आरोपियों ने फोन को आतंकवाद निरोधक दस्ते में स्थानांतरित करने का नाटक किया। फिर व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी पहने व्यक्तियों से बात कराई और उच्चतम न्यायालय के नाम एवं पत्रशीर्ष पर तैयार फर्जी दस्तावेज भेजकर कानूनी कार्रवाई का भय दिखाया। आरोपियों ने जांच और सत्यापन के नाम पर बैंक खातों में रुपये जमा कराने तथा बाद में पूरी रकम लौटाने का भरोसा दिया। इस तरह फरियादी से विभिन्न बैंक खातों में तत्काल सकल निपटान प्रणाली के माध्यम से कुल 55 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। मामले में थाना माणकचौक पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। बैंक खातों की कड़ियां जोड़कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस साइबर प्रकोष्ठ ने बैंक खातों और लेन-देन की जांच की तो पहले स्तर पर एक्सिस बैंक के खाते में 35 लाख रुपये जमा होने की जानकारी मिली। बैंक से प्राप्त विवरण में खाता श्री वेंकटेश्वर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से संबंधित पाया गया। इसके आधार पर पुलिस दल हैदराबाद पहुंचा और कोडारी वेंकटेश को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान बैंक खाते से संबंधित जानकारी के आधार पर धारवाड़, कर्नाटक से अशोक अन्यया को गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे स्तर पर 5 लाख 84 रुपये का लेन-देन सामने आने पर मीर यूसुफ को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा ठगी की रकम प्राप्त करने, निकालने और आगे भेजने में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी कोडारी वेंकटेश, पिता राजन्ना कोडारी, निवासी तेलंगाना, अशोक अन्यया, निवासी मराठा कॉलोनी, धारवाड़, कर्नाटक, मीर यूसुफ, पिता मीर आजम, निवासी चारमीनार, मदीना नगर, हैदराबाद। इनकी रही सराहनीय भूमिका कार्रवाई में निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान, थाना प्रभारी माणकचौक; उपनिरीक्षक जीवन बारिया, प्रभारी साइबर प्रकोष्ठ; उपनिरीक्षक मुकेश यादव; प्रधान आरक्षक दिनेश जाट, प्रधान आरक्षक रितेश पाटीदार, आरक्षक राहुल पाटीदार, आरक्षक रितेश चौधरी और महिला आरक्षक वर्षा पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

फोटोशूट करा रहे युवक-युवती का वीडियो बनाकर अभद्रता, रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

रतलाम। बडायला चौरासी क्षेत्र में फोटोशूट कराने गए एक युवक और युवती को रोककर अभद्रता करने, वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 80 हजार रुपये की अड़ीबाजी (रंगदारी) मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 3 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे वह अपने दोस्त आफरह्मशह्मह्मष्द्र रायन के साथ बडायला चौरासी में फोटोशूट कराने गई थी। इसी दौरान वहां अशोक कपासिया (निवासी चौरासी बडायला) नामक व्यक्ति आया। उसने दोनों से पूछताछ करते हुए अपने मोबाइल से उनका फोटो व वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने वीडियो बनाने से मना किया, तो आरोपी ने वीडियो डिलीट करने के एवज में 200 रुपये की मांग की और अश्लील बातें कीं। डर के कारण पीड़िता ने आरोपी अशोक को 200 रुपये दे दिए। 80 हजार रुपये की मांगी रंगदारी घटना के कुछ देर बाद पीड़िता के दोस्त के मोबाइल पर उसके भाई आफताब का फोन आया।

श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन

नगर निगम के मोक्ष रथ से निकली अंतिम यात्रा

रतलाम। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भावना-शैलन्द्र मानावत की माताजी श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप की पार्थिव देह त्रिवेणी मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गई। अंतिम संस्कार में पुत्र चेतन्य काश्यप, पौत्र सिद्धार्थ काश्यप, श्रवण काश्यप एवं पड़पौत्र सारांश काश्यप ने श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को मुखाग्नि दी। इससे पूर्व विसाजी मेंशन से नगर निगम के मोक्ष रथ में अंतिम यात्रा निकाली गई। इसमें नगर के राजनीतिक, सामाजिक, उद्योग, धार्मिक, व्यापारिक एवं व्यवसायिक जगत के कई गणमान्यजन शामिल हुए। श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को त्रिवेणी मुक्तिधाम स्थित विधायक श्रद्धा सदन में आयोजित शोक सभा में भावभीनी श्रद्धांजली दी गई।

शोक सभा के आरंभ में गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा., आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वर जी म.सा., महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आदि के शोक संदेशों का वाचन किया गया। तत्पश्चात् महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, विधायक डॉ. चिंतामणी मालवीय, महापौर प्रहलाद पटेल, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय महामंत्री राज चौधरी, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व महापौर पारस सकलेचा, सकल जैन श्रीसंघ के प्रकाश मूणत, सनातन धर्म सभा के अनिल झालानी, त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील लोढ़ा, अध्यक्ष सुशील छाजेड़, वीसा पोरवाल समाज के विलेश पोरवाल, मोहनखेड़ा तीर्थ के ट्रस्टी सुजानमल सेठ राणापुर वाले, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मोहन पाटीदार, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, कलेक्टर अजय कटेसरिया, एसपी अमित कुमार ने संबोधित किया। शोक सभा का संचालन राजकमल जैन ने किया। श्रीमती काश्यप की शोक बैठक 12 एवं 13 अक्टूबर को शाम 5 से 9 बजे तक निवास स्थान विसाजी मेंशन, स्टेशन रोड़ पर रखी गई है। उठावना, श्रद्धांजलि सभा एवं शोक निवारण 14 अक्टूबर, बुधवार को शाम 4 से 5:30 बजे, विधायक सभागृह बरबड़ पर होगा। धर्मनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और संस्कार प्रदाता थी श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप शोक सभा में वक्ताओं ने श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप के विशाल व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमती काश्यप धर्मनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और संस्कार प्रदाता थी। उनके दिए हुए संस्कार पूरे परिवार में परिलक्षित हो रहे है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप परोपकार का जो ध्वज लेकर चल रहे है, वह माता की ही देन है। श्रीमती काश्यप ने पति श्री अशोककुमार काश्यप के आकस्मिक देहावसान के बाद युवावस्था में पुत्र एवं पुत्री को संस्कारित कर संघर्ष का परिचय दिया, जो सबके लिए प्रेरणादायक है। धार्मिक दृष्टि से तप आराधनाएं और सामाजिक दृष्टि से सेवा कार्यों के माध्यम से उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उनका निधन परिवार ही नहीं समाज और शहर के लिए अपूरणीय क्षति है।

रक्तदान जैसा पुनीत कार्य मानव सेवा का अनुकरणीय कार्य : महासती प्रफुल्ला श्री जी

श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल एवं गर्वित गोखरू फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 20वां विशाल रक्तदान महा शिविर संपन्न

रतलाम। श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल एवं गर्वित गोखरू फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में, मानव सेवा समिति व रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से, 11 अक्टूबर 2026 (रविवार) को एक विशाल रक्तदान महा शिविर महासती प्रफुल्ला श्री जी म.सा. के पावन आशीर्वचन से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासती प्रफुल्ला श्री जी म.सा. ने फरमाया कि रक्तदान करना मानव सेवा का सबसे अनुकरणीय कार्य है। नवयुवक मंडल पिछले 20 वर्षों से लगातार यह पुनीत कार्य कर रहा है और इस वर्ष इस सेवा कार्य में गर्वित गोखरू फाउंडेशन का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने साधुवाद देते हुए कहा कि रक्तदान मनुष्य का जीवन बचाने का कार्य करता है, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी इस सेवा कार्य की प्रेरणा देनी चाहिए। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने जानकारी दी कि यह रक्तदान महा शिविर मालव रत्न ज्योतिषाचार्य उपाध्याय श्री कस्तूरचंद जी म.सा. की पुण्य स्मृति में विगत 20 वर्षों से श्री वर्धमान

स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमचौक के सानिध्य में जैन दिवाकर नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक डीपी परिसर, छोटूभाई की बगीची में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रिकॉर्ड 207 यूनिट रक्तदाताओं ने ब्लड डोनेट किया जिसमे अच्छी संख्या मे महिलाओं ने भी रक्तदान कर अनूठा उदाहरण पेश किया। श्रीसंघ अध्यक्ष अजय खिमेसरा ने रक्तदान महादान के इस अभियान में विशेष सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष कटारिया ने कहा कि जरूरत के समय रक्त न मिलने पर व्यक्ति काफी परेशान होता है, ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की वास्तविक सेवा होती है। मुख्य लाभार्थी गर्वित गोखरू ने कहा कि फाउंडेशन का यह रक्तदान के क्षेत्र में पहला प्रयास है। उन्होंने नवयुवक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सभी के सहयोग से ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, समाजसेवी गोविंद काकानी, रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष प्रितेश गादिया, संघ गौरव महेन्द्र बोथरा, गौरव मुणत, क्रष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, डॉ रौनक जैन, अक्षय संघवी, धर्मेंद्र रांका, डॉ विशाल गंगवानी, अशोक जैन लाला, धर्मेंद्र रांका जैन सोशल ग्रुप, रेडक्रॉस सोसाइटी, मानव सेवा समिति और सिविल हॉस्पिटल की पूरी टीम उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने शिविर की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीसंघ महामंत्री विनोद कटारिया, कोषाध्यक्ष अमृत कटारिया, विनोद बाफना, रवि बोथरा, श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल के महामंत्री विरेन्द्र कटारिया, कोषाध्यक्ष अरिहंत बोराणा, तथा कार्यक्रम संयोजक पंकज पटवा एवं प्रितेश कटारिया, सौरभ बोथरा, विपिन कटारिया, मंगल श्री श्री माल, अंकित धोका, अजय पितलिया, पारस मेहता, रितेश कटारिया, यश पुंगलिया, विजय पुंगलिया, लक्ष्य कटारिया, श्रेयांश बाफना, फाउंडेशन के अजय गोखरू, विनीत पिपाडा, सौरभ छाजेड, ऋषभ पावेचा, राहुल छाजेड, अभय लोढा, अभिषेक रांका, सुमित गादिया आदि सहित पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। अंत मे आभार महामंत्री वीरेंद्र कटारिया ने किया।

कांग्रेस का शहीद चौक पर प्रदर्शन, चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

रतलाम। राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी एवं अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा शहर सराय स्थित शहीद चौक पर धरना-प्रदर्शन किया गया।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर विपक्ष के सांसदों के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में रवाना हुए।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारे लगाते हुए शहीद चौक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिल्ली में जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे विपक्ष के सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, जिसके विरोध में यह आंदोलन किया गया।

उक्त बात रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहीं। ये रहे उपस्थित प्रदर्शन में संगठन महासचिव कमरुद्दीन कछवाया, पारस सकलेचा, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती आशा राजीव रावत, इक्का बेलुत, प्रभु राठौड़, हेमंत नेका, जयश्री शनि राजहंस, आयशा कुरैशी, आरिफा कछवाया, रुखसाना बेगम, रश्मि परोलिया, अकरम फारूकी, भरत सेन, शाहिद अंसारी, राजकुमार जैन, मकबूल कुरैशी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रतलाम में 13 एवं 14 अक्टूबर को दो दिवसीय माहेश्वरी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

रतलाम। शहरवासियों के लिए खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने का विशेष अवसर लेकर दो दिवसीय माहेश्वरी प्रदर्शनी का आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर 2026 को किया जा रहा है। प्रदर्शनी का आयोजन वेदव्यास कॉलोनी स्थित सूरज हॉल में होगा। प्रदर्शनी का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इस भव्य प्रदर्शनी में एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसमें खूबसूरत साड़ियाँ, डिजाइनर सूट, लहंगे, किड्स वियर, बेडशीट, टपरवेयर, दीपाली स्पेशल आइटम सहित अनेक उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं की खरीदारी की जा सकेगी। इसके साथ ही आगंतुकों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने की भी व्यवस्था रहेगी।

शा. कन्या उ.मा. छात्रावास बिरिया खेड़ी में अपराजिता मार्शल आर्ट ट्रेनिंग का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया

रतलाम।

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अपराजिता मार्शल आर्ट ट्रेनिंग का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर

माध्यमिक छात्रावास, बिरिया खेड़ी में प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 67 बालिकाएं प्रशिक्षण ले रही है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर मार्शल आर्ट खिलाड़ी सुश्री सोनम चौहान द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बिजली खंभे पर फॉल्ट सुधार रहे आउटसोर्स कर्मचारी की मौत, 1 घायल

शव रखकर किया गया प्रदर्शन, घंटों तक चला हंगामा, मुआवजे की मांग

रतलाम। जिले के गांव धराड़ में बिजली पोल पर कार्य कर रहे एक आउटसोर्स कर्मचारी की मौत और 1 के घायल होने के बाद हंगामा हो गया। युवक आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में धराड़ ग्रिड पर कार्यरत थे। लेकिन देर रात ड्यूटी के घंटे समाप्त होने के बाद अचानक बुलाकर काम करवाने के दौरान उनके साथ हादसा हो गया। कांग्रेस नेता और जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ ग्रामीणों के साथ सोमवार सुबह धराड़ स्थित बिजली कंपनी ग्रिड दफ्तर पंहुचे। यहां मृतक युवक का शव लेकर परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जिन्होंने शव को जमीन पर रखकर प्रदर्शन किया। धाकड़ ने आरोप लगाए कि बिजली कंपनी के अधिकारियों ने ड्यूटी के घंटे पूरे होने के बाद बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के हाईटेंशन लाइन रिपेयर करने चढ़ा दिया। इस हादसे में युवक की मौत के बाद धाकड़ ने कंपनी पर आरोप लगाए कि वे बिना किसी सुरक्षा उपकरण के देवेभो कर्मचारियों को सोते से उठाकर काम करवाते हैं, जबकि शासकीय कर्मचारी जिनकी जिम्मेदारी है वो आराम करते हैं। हादसे होने पर भी उनके परिवारों को उचित मदद, मुआवजा भी नहीं दिया जाता। धाकड़ ने मांग की कि,

मृतक कर्मचारी के परिवार में किसी को नियुक्ति देने के साथ 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता परिवार को दी जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी दुर्घटना कहीं भी न हो इसके लिए पर्याप्त कदम उठाएँ जाएँ। धाकड़ ने इस दौरान म.प्र. विद्युत वितरण बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा जवाब नहीं देने पर जमकर नाराजगी भी जताई। पुलिस और अधिकारियों के सामने उन्होंने कहा कि अगर 10 मिनट में जवाब नहीं मिला तो कलेक्टर के सामने शव ले जाकर वहीं प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद प्रशासन और बिजली कंपनी के अधिकारियों ने परिवार को हर संभव मदद पंहुचवाने के लिए कंपनी के उच्च अधिकारियों से बात करके आज ही निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

यह है मामला

जानकारी के अनुसार धराड़ में मृतक विनोद सहित 4 युवक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में बिजली कंपनी के साथ कार्य कर रहे थे। रविवार-सोमवार दरमियानी रात धराड़ में बिजली बंद होने पर आ रही शिकायतों के बाद कंपनी के जेई ने इन कर्मचारियों को घर जाकर उठाया और फाल्ट रिपेयर करने के लिए कहा। इसके बाद चारों ही नींद से जागकर फाल्ट रिपेयर करने पंहुचे लेकिन वहां नीचे घरेलु लाईन जबकि ठीक ऊपर हाईटेंशन लाईन गुजर रही थी। आरोप है कि बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने हाईटेंशन लाइन बंद नहीं की गई, जिसके कारण रिपेयर करने पंहुचा युवक वहीं करंट लगने से मर गया। इसके साथ ही 1 युवक घायल हो गया।